# JHARKHAND EDUCATION PROJECT

New Collectorate Office, Pakur Bikash Bhawan, Block-B, 2nd Floor, PIN - 816107


## – : आम–सूचना : –

**शैक्षणिक सत्र 2025–26 में गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कमजोर एवं अभिवंचित वर्ग के बच्चों का निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा–12 (1) C के अन्तर्गत नामांकन हेतु**

एतद् द्वारा पाकुड़ जिला के अन्तर्गत निवास करने वाले अभिवंचित (अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ावर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जो अभिवंचित समूह में नहीं आते हों एवं वैसे अभिभावक जिनके परिवार की सभी श्रोतो से वार्षिक आय रूपये 72000/–(बहत्तर हजार) से कम है), के बच्चों के अभिभावक को सूचित किया जाता है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा–12 (1) C के अन्तर्गत गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीट पर शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नामांकन लिया जाएगा। गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय से संबंधित विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र. सं. | विद्यालय का नाम | प्रवेश कक्षा | RTE धारा–12(1) C 25% नामांकन के अन्तर्गत कुल सीट | कुल नामांकन | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एलिट पब्लिक स्कूल, पाकुड़ | I | 10 | 03 | 07 |
| 2 | संत जोसेफ स्कूल, पाकुड़ | I | 22 | 02 | 20 |
| 3 | डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, पाकुड़ | I | 20 | 11 | 09 |
| 4 | डी0पी0एस0, पाकुड़ | I | 08 | 02 | 06 |
| 5 | संत डॉन बॉस्को स्कूल, पाकुड़ | I | 10 | 00 | 10 |
| 6 | डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, महेशपुर | I | 10 | 03 | 07 |
| 7 | कलकत्ता गर्ल्स हाई स्कूल, पाकुड़ | Nursery | 08 | 03 | 05 |
| 8 | संत जोसेफ इंग्लिश मिडियम, स्कूल चंद्रपुरा, महेशपुर | LKG | 22 | 11 | 11 |
| 9 | उर्सुलाइन मिडिल स्कूल, चंद्रपुरा, महेशपुर | KG | 11 | 02 | 09 |
| 10 | निर्मला मिडिल स्कूल, देवपुर, महेशपुर | UKG | 32 | 01 | 31 |
| | कुल | - | 153 | 38 | 115 |

शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए उपरोक्त गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में नामांकन से संबंधित आवश्यक नियमावली/शर्तें एवं निर्धारित आवेदन प्रपत्र https://rtepakur.in के वेबसाईट पर उपलब्ध है। नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन https://rtepakur.in पर किया जा सकता है। अंकित विद्यालय में RTE 12 (1) C के अन्तर्गत नामांकन के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 10/08/2025 है।

ह0/–

**जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–**
**अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पाकुड़।**

ह0/–

**उपायुक्त,**
**पाकुड़।**

**ज्ञापांक** 687 **/पाकुड़, दिनांक** 24/7/2025

**प्रतिलिपि** :– प्रभारी पदाधिकारी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पाकुड़ की सेवा में समर्पित। अनुरोध है कि आम सूचना को दैनिक हिन्दी समाचार पत्र के स्थानीय संस्करण में यथाशीघ्र प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

24/07/25

**जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–**
**अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पाकुड़।**

24/07/2025

24/7/25